**Hindustan Hindi (22.06.2016)**

# वाईएमसीए में भी ऑनलाइन दाखिला

**सुविधा**

फरीदाबाद | वरिष्ठ संवाददाता

वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में अगले वर्ष यानी 2017 से दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन लिया जाएगा। इसके लिए अभी से ही तैयारियां शुरू कर दी गई है। इसके बाद देश के किसी भी राज्य से कम्प्यूटर के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। वाईएमसीए में अभी तक ऑनलाइन आवेदन करने की सुविधाएं सिर्फ एमएससी पाठ्यक्रम में उपलब्ध है।

विश्वविद्यालय में बी टेक, एमटेक, एमएससी सहित कई पाठ्यक्रम के लिए करीब 900 सीट हैं। इसके लिए प्रत्येक वर्ष करीब पांच से छह हजार से अधिक आवेदन भरे जाते हैं। विश्वविद्यालय के एक वरिष्ठ पदाधिकारी का कहना है कि अभी तक एमएससी पाठ्यक्रम में ऑनलाइन आवेदन की सुविधाएं उपलब्ध है। वहीं, बीटेक के लिए हरियाणा राज्य तकनीकी शिक्षा सोसाइटी की वेबसाइट के माध्यम से आवेदन लिया जाता है। विश्वविद्यालय प्रबंधन का दावा है कि सबकुछ ठीक रहा तो अलगे वर्ष से सभी पाठ्यक्रम के आवेदन ऑनलाइन कर दिया जाएगा। इसके लिए अभी से ही तैयारियां शुरू कर दी गई है।

बताया जा रहा है सभी पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए विश्वविद्यायल के वेबसाइट पर आवेदन फार्म उपलब्ध होगा। आवेदन फार्म के साथ जरूरी दस्तावेज और फीस क्रेडिट और डेबिट कार्ड से जमा करना होगा।

**इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम की होती है पढ़ाईः** औद्योगिक नगरी में वाईएमसीए में मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रिकल और कम्यूनिकेशन, कम्प्यूटर इंजीनियरिंग सहित छह पाठ्यक्रम की पढ़ाई होती है। इसमें प्रत्येक वर्ष बी-टेक के 500 नए छात्रों का दाखिला होता है। इनमें सबसे अधिक डिमांड कप्यूटर इंजीनियरिंग की है। इनमें प्रत्येक वर्ष सिर्फ कम्प्यूटर इंजीनियरिंग और आईटी में 120 छात्रों का दाखिला होता है। इसके अलावा इंजीनियरिंग में एमएससी के भी कई कोर्स होता है।



फरीदाबाद स्थित वाईएमसीए यूनिवर्सिटी। (फाइल फोटो)

## आवेदन फीस भरने के लिए निजी बैंक से टाईअप

क्रेडिट और डेबिट कार्ड से आवेदन फीस जमा करने के लिए एचडीएफसी बैक से अनुबंध किया गया है। इसके माध्यम से आवेदन कर्ता दाखिला फीस जमा कर सकते है। अभी तक कुछ पाठ्यक्रम में ऑन लाइन आवेदन फार्म भरने की सुविधा नहीं होने के कारण विश्वविद्यालय के रजिस्टार के नाम से डिमांड ड्राफ्ट बनाना पड़ता था।

## एसएमएस से मिलेगी जानकारी

ऑनलाइन दाखिले की प्रकिया शुरू होने के बाद विद्यार्थियों को एसएमएस के माध्यम से जानकारियां दी जाएंगी। दाखिले के संबंध में जानकारी लेने के लिए छात्रों को भाग दौड़ नहीं करना होगा। एमएससी पाठ्यक्रम में ऑनलाइन आवेदन फार्म भरने की सुविधाएं हैं, लेकिन एसएमएस के माध्यम से अभी जानकारी नहीं मिल पा रही है।

## दौड़भाग नहीं करनी होगी

ऑनलाइन आवेदन प्रकिया शुरू होने के बाद विश्व विद्यालय के वेबसाइड पर विवरण पुस्तिका, पाठ्यक्रम और विश्व विद्यालय के संबंध में तमाम जानकारियां उपलब्ध होगी। इसे देखकर छात्र आवेदन फार्म को आसानी से भर सकते है। अभी तक कुछ छात्रों को दाखिला फार्म भरने के लिए विश्वविद्यालय का चक्कर लगाना पड़ता था।

## यहां होती है पढ़ाई

- मैकेनिकल इंजीरियरिंग
- कम्प्यूटर साइंस
- इंजीनियरिंग
- इलेक्ट्रनिक कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग
- इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग
- इंफ्रामेशन टेक्नोलाजी
- इलेक्ट्रिकल एंड इंस्ट्रीम्यूनेशनल इंजीनियरिंग

"अगले वर्ष से दाखिले के लिए सभी पाठ्यक्रम के ऑनलाइन आवेदन लिया जाएगा। इसके लिए तैयारी अभी से शुरू कर दी गई है। दाखिला प्रकिया ऑनलाइन होने के बाद विद्यार्थी को भाग दौड़ नहीं करना होगा। विश्वविद्यालय प्रबंधन का प्रयास होगा कि एसएमएस के माध्यम से दाखिले के संबंध में तमाम जानकारियां मुहैया कराई जाए। -**संजय शर्मा**, वाईएमसीए विश्व विद्यालय के रजिस्टार"

**Dainik Jagran (22.06.2016)**

# वाईएमसीए ने किया हास्य योग



वाईएमसीए यूनिर्विसटी में हास्य योग करते कुलपति प्रो. दिनेश कुमार अग्रवाल व अन्य।

**जासं, फरीदाबाद :** वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में केंद्रीय योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान परिषद और भारतीय योग संस्थान के सहयोग से योग शिविर का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों, शिक्षण व गैर-शिक्षण कर्मचारी, उनके परिवार के सदस्यों ने हिस्सा लिया। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार तथा कुल सचिव डॉ. संजय कुमार शर्मा ने भी यौगिक क्रियाओं में हिस्सा लिया। इस दौरान भारत योग संस्थान की फरीदाबाद प्रभारी सरला चौधरी, अनिल कुमार अग्रवाल तथा डॉ. सोनिया बंसल आदि मौजूद थे।

**Navbharat Times (22.06.2016)**

■ **वस, फरीदाबाद**

**वाईएमसीए विज्ञान** एवं प्रौद्योगिकी यूनिवर्सिटी फरीदाबाद की ओर से केंद्रीय योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान परिषद, आयुष मंत्रालय, भारत सरकार व भारतीय योग संस्थान फरीदाबाद के तत्वावधान में योग दिवस का आयोजन किया गया। लगभग 1500 प्रतिभागियों ने योगाभ्यास किया। कार्यक्रम में भारतीय योग संस्थान के कार्यकर्ताओं के अलावा यूनिवर्सिटी स्टाफ, उनका परिवार व स्टूडेंट शामिल हुए। इस अवसर पर वाइस चांसलर प्रो. दिनेश कुमार तथा रजिस्ट्रार डॉ. संजय कुमार शर्मा भी उपस्थित थे। कार्यक्रम को भारतीय योग संस्थान, फरीदबाद की प्रभारी सरला चौधरी ने भी संबोधित किया।



वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी यूनिवर्सिटी फरीदाबाद की ओर से योग दिवस पर कार्यक्रम में लगभग 1500 लोगों योगाभ्यास किया

**Punjab Kesari (22.06.2016)**

punjabkesari.com fb.me/pkdonline हरियाणा

बल्लभगढ़ फरीदाबाद

# 1500 प्रतिभागियों ने किया योगाभ्यास

बल्लभगढ़,(सुरेश बंसल): वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, फरीदाबाद द्वारा केन्द्रीय योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान परिषद्, आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में बड़े स्तर पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। इस आयोजन में लगभग 1500 प्रतिभागियों ने योगाभ्यास में हिस्सा लिया। भारतीय योग संस्थान, फरीदाबाद के तकनीकी सहयोग से आयोजित कार्यक्रम एक सफल आयोजन रहा। कार्यक्रम में भारतीय योग संस्थान के कार्यकर्ताओं के अलावा काफी संख्या में विश्वविद्यालय के शिक्षणेत्तर व गैर-शिक्षणेत्तर कर्मचारी, उनके परिवार के सदस्य तथा विद्यार्थी सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का आरंभ दीप प्रज्जवलन एवं प्रार्थना से हुआ। इसके उपरांत विभिन्न प्रकार की योगासन क्रियाएं की गई। इस अवसर पर कुलपति प्रो0 दिनेश कुमार तथा कुल सचिव डॉ0 संजय कुमार शर्मा भी उपस्थित थे



और योगिक क्रियाओं में हिस्सा लिया। योगासन की सभी क्रियाएं भारतीय योग संस्थान के योग विशेषज्ञों की देखरेख में संपन्न हुई। योग सत्र के दौरान सामान्य योग अभ्यासक्रम की अनुपालना करते हुए विभिन्न चार मुद्राओं में 15 योगासन करवाये गये, जिसमें खड़ी मुद्रा में ताडासन, वृक्षासन, पाद-हस्तासन, अर्धचक्रासन एवं त्रिकोणासन, बैठकर भद्रासन, शशांकासन, अर्धउष्ट्रासन एवं वक्रासन, पेट के बल लेट कर भुजंगासन, सलभासन एवं मकरासन और कमर के बल लेट कर सेतुबंध, पवन मुक्तासन एवं शवासन करवाये गये। इसके अलावा, कपालभाति और प्राणायाम की योगिक क्रियाएं भी की गई। इस अवसर पर जीवन में योग के महत्व पर आधारित एक लघुचित्र का प्रदर्शन भी किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो0 दिनेश कुमार ने स्वस्थ एवं संपूर्ण जीवन शैली के लिए योग अभ्यास की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि योग केवल शरीर के लिए ही नहीं अपितु हमारे शरीर, मस्तिष्क, हृदय और आत्मा के लिए भी है। योग का शाब्दिक अर्थ जोड़ना होता है, जो शरीर के साथ सांस, मांसपेशियों के साथ मस्तिष्क और सबसे महत्वपूर्ण आत्मा को परमात्मा के साथ जोड़ता है। योग दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए प्रो0 दिनेश कुमार ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र संघ महासभा द्वारा 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाये जाने की घोषणा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 27 सितम्बर, 2014 को संयुक्त राष्ट्र संघ महासभा में रखे गये प्रस्ताव पर की गई थी। इस प्रकार, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को मनाना देश के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि योग एक प्राचीन अनुशासन है जो पूरी दुनिया को भारत के साथ जोड़ता है और भाईचारे व शांति को बढ़ावा देता है। कार्यक्रम को भारतीय योग संस्थान, फरीदबाद की प्रभारी सरला चौधरी ने भी संबोधित किया तथा योग के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का समापन दैनिक जीवन में योग को अपनाने को लेकर लिये गये संकल्प से हुआ तथा सभी प्रतिभागियों को रिफरेशमेंट दी गई। इस कार्यक्रम का संयोजन अनिल कुमार अग्रवाल तथा डा. सोनिया बंसल द्वारा किया गया।

**Hindustan Hindi (22.06.2016)**

**वाईएमसीए में योग पर लघु चलचित्र दिखाया :** वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में केंद्रीय योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान परिषद्, आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में योग शिविर का आयोजन हुआ। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार और कुल सचिव डॉ. संजय कुमार शर्मा ने योग को अपनाने की सलाह दी।

**Dainik Bhaskar (22.06.2016)**

## वाईएमसीए में स्टूडेंट स्टाफ का योग

वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में लगभग 1500 प्रतिभागियों ने योगाभ्यास में हिस्सा लिया। कार्यक्रम का आरंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं प्रार्थना से हुआ। इसके बाद विभिन्न प्रकार की योगासन क्रियाएं की गई। इस मौके पर कुलपति प्रो. दिनेश कुमार व कुल सचिव डा. संजय कुमार शर्मा मौजूद थे। यौगिक क्रियाओं में हिस्सा लिया। इस मौके पर जीवन में योग के महत्त्व पर आधारित एक लघु चित्र का प्रदर्शन भी किया गया। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने स्वस्थ एवं संपूर्ण जीवन शैली के लिए योग अभ्यास की आवश्यकता पर बल दिया।

**Punjab Kesari (22.06.2016)**



वाईएमसीए यूनिवर्सिटी में योग करते लोग। (रजत चौधरी)

# वाईएमसीए में 1500 प्रतिभागियों ने किया योग

फरीदाबाद, 21 जून (सूरजमल): वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। इस आयोजन में लगभग 1500 प्रतिभागियों ने योगाभ्यास में हिस्सा लिया।

इस अवसर पर कुलपति प्रो. दिनेश कुमार तथा कुल सचिव डा. संजय कुमार शर्मा भी उपस्थित थे और योगिक क्रियाओं में हिस्सा लिया। योगासन की सभी क्रियाएं भारतीय योग संस्थान के योग विशेषज्ञों की देखरेख में संपन्न हुई। योग सत्र के दौरान सामान्य योग अभ्यासक्रम की अनुपालन किया।

पंजाब केसरी ई-पेपर Wed, 22 June 2016
epaper.punjabkesari.in/c/11180500